C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 142 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार ,10 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## भारत-सऊदी रिश्तों को नई उड़ानः शेखावत बोले-प्रवासी हैं भारत की सॉफ्ट पावर, रियाद-जयपुर सीधी फ्लाइट पर जल्द पहल





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

भारत और सऊदी अरब के संबंधों को नई दिशा देने की कवायद के बीच केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत इन दिनों सऊदी अरब के दौरे पर हैं। रियाद में आयोजित एक विशेष संवाद कार्यक्रम में उन्होंने प्रवासी भारतीय समुदाय से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, आर्थिक और मानवीय रिश्तों को और मजबूत करने का आह्वान किया।

शेखावत ने कहा कि भारत की असली ताकत विदेशों में बसे वे लोग हैं, जो अपने श्रम और संस्कारों से देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। प्रवासी भारतीय हमारी सॉफ्ट पावर हैं ,वे सिर्फ विदेशों में काम नहीं कर रहे, बल्कि भारत की आत्मा और संस्कृति को भी साथ लेकर चल रहे हैं। इस मौके पर राजस्थान कम्युनिटी रियाद के प्रतिनिधियों डॉ. इदरीस, निसार खान भारू, गुलाम खान सोती, यूसुफ खां, शेर सुल्तान और अल्ताफ रौल साहबसर ने मंत्री से मुलाकात कर प्रवासियों से जुड़े कई मुद्दे रखे। इसमें सबसे अहम था रियाद और जयपुर के बीच सीधी उड़ान शुरू करने की मांग, ताकि राजस्थान से आने-जाने वाले हजारों लोगों को राहत मिल सके।

शेखावत ने इस पर गंभीरता से प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह मांग न केवल जायज है बल्कि व्यावहारिक भी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को भारत सरकार के उच्च स्तर पर उठाएंगे और जल्द ठोस पहल की जाएगी। राजस्थान के लोगों और सऊदी में बसे प्रवासियों के बीच की दूरी अब केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि हवाई दूरी भी कम की जाएगी।

कार्यक्रम में सऊदी अरब में भारतीय दूतावास के अधिकारियों और समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी प्रवासी मजदूरों की समस्याएं, रोजगार से जुड़ी चुनौतियां और सामाजिक सहयोग को लेकर सुझाव दिए। शेखावत ने सभी से भारत की विकास यात्रा में योगदान देने का आग्रह किया और कहा कि आज भारत सिर्फ एक देश नहीं, बल्कि दुनिया के लिए एक आशा का प्रतीक बन गया है, और इस सफर में प्रवासी भारतीय हमारे सबसे बड़े राजदूत हैं।

इस संवाद कार्यक्रम ने न सिर्फ प्रवासियों की चिंताओं को सामने लाया, बल्कि भारत-सऊदी रिश्तों में लोगों के स्तर पर नई ऊर्जा भी भरी। शेखावत के दौरे को दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और नागरिक कूटनीति का नया अध्याय माना जा रहा है।

## चित्तौड़गढ़ मंडी में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंपः शरीर पर फफोले, बीमारी या नशे की लत से मौत की आशंका



**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**

सेंती स्थित कृषि उपज मंडी में रविवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह काम शुरू होते ही प्लेटफार्म पर कंबल में लिपटा शव दिखाई दिया, जिसे पहले सोया हुआ समझा गया। पास जाकर देखने पर उसकी मौत का पता चला, जिसके बाद मंडी में अफरा-तफरी मच गई।

मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। शरीर पूरी तरह भीगा हुआ था और उस पर फफोले बने हुए थे, जो फट चुके थे। पुलिस के अनुसार ये लक्षण किसी गंभीर बीमारी जैसे शुगर या नशे की लत से हुई नेचुरल मौत की ओर इशारा करते हैं। युवक के पास कोई पहचान पत्र, मोबाइल या दस्तावेज नहीं मिले।

स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक पिछले कुछ दिनों से शहर में अस्थिर हालत में घूमता दिखाई देता था। शव को सुबह करीब 10 बजे तक मंडी में ही रखा गया, बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

सदर थाना पुलिस ने शव का फोटो जिले के सभी थानों में भेज दिया है ताकि पहचान हो सके। डीएसपी विनय चौधरी और कोतवाली थानाधिकारी तुलसीराम भी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह मामला बीमारी या नशे की लत से हुई प्राकृतिक मौत लग रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## शाहपुरा में सनसनीखेज वारदातः कुएं में मिली युवक की लाश-हत्या या आत्महत्या?



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

नगर में रविवार शाम उस समय सनसनी फैल गई जब फुलियागेट के बाहर आखरिया क्षेत्र स्थित एक कुएं में एक युवक की लाश तैरती हुई मिली। स्थानीय लोगों ने जब कुएं में शव देखा तो क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तत्काल शाहपुरा पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस दल मौके पर पहुंचा और शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा था और वह कुएं में ओंधे मुंह पड़ा हुआ था। शव की हालत देखकर लोगों के मन में कई सवाल उठ खड़े हुए हैं - आखिर युवक वहां कैसे पहुंचा? क्या किसी ने उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया या उसने खुद अपनी जान दी?

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय शाहपुरा भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस की टीम युवक की पहचान और उसकी मौत की परिस्थितियों को लेकर जांच में जुट गई है। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और चर्चाओं का दौर देर रात तक चलता रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर कुआं स्थित है, वह अपेक्षाकृत सुनसान इलाका है, ऐसे में हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि संभव है युवक फिसलकर कुएं में गिर गया हो। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान के प्रयास जारी हैं। आसपास के इलाकों में गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। इस रहस्यमय मौत ने पूरे शाहपुरा शहर को हिला दिया है। लोग हैरान हैं कि आखिर एक युवक की लाश इस तरह कुएं में कैसे पहुंच गई। क्या यह कोई साजिश है या दुखद हादसा । इसका जवाब अब पुलिस जांच और मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा।

फिलहाल शाहपुरा में चर्चा का विषय बनी यह वारदात शहर भर में सनसनी फैलाए हुए है।

## कोटा स्टेशन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हंगामाः गहलोत के स्वागत में भिड़े धारीवाल और गुंजल गुट, पुलिस भी आई बीच में

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**



राजस्थान कांग्रेस की अंदरूनी कलह एक बार फिर खुलकर सामने आ गई। कोटा रेलवे स्टेशन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आगमन के दौरान माहौल अचानक गर्मा गया। गहलोत के स्वागत को लेकर शांति धारीवाल और प्रहलाद गुंजल के समर्थक आमने-सामने आ गए। पहले नारेबाजी हुई, फिर धक्का-मुक्की और हंगामा शुरू हो गया। हालात इतने बिगड़ गए कि बीच-बचाव करने पहुंची पुलिस को भी कार्यकर्ताओं ने घेर लिया और उनसे भी नोकझोंक करने लगे।

घटना के समय गहलोत अंता विधानसभा उपचुनाव में प्रचार के अंतिम दिन सभा के लिए बारां रवाना होने वाले थे। स्टेशन पर अफरातफरी के बीच गहलोत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और सीधे अपनी गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए। हैरानी की बात यह रही कि न तो शांति धारीवाल पहुंचे और न ही प्रहलाद गुंजल, जबकि दोनों के समर्थकों के बीच गुटबाजी खुलकर सामने आई।

मामले पर कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने कहा कि वे अंता उपचुनाव में थे और स्टेशन पर क्या हुआ, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। वहीं, कांग्रेस नेता अमित धारीवाल ने विवाद को सामान्य बताते हुए कहा, कांग्रेस एक है, किसी तरह का कोई गुट नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री के आने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह था, सभी अपने-अपने नेताओं के नाम से नारे लगा रहे थे। यह पहली बार नहीं है जब धारीवाल और गुंजल के समर्थक भिड़े हों। इससे पहले 5 अक्टूबर को भी कोटा में संगठन सृजन अभियान की बैठक के दौरान दोनों गुटों के समर्थकों में नारेबाजी और झड़प हो चुकी है। उस समय भी माहौल बिगड़ने पर बैठक रोकनी पड़ी थी। इस विवाद के बीच भाजपा भी मैदान में कूद पड़ी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रहलाद गुंजल हमारे भेजे हुए हैं, जो कांग्रेस में रहकर वही कर रहे हैं जो हम चाहते हैं। इस पर प्रहलाद गुंजल ने पलटवार करते हुए कहा, राठौड़ का बयान बकवास है। मैंने भाजपा को ठोकर मारकर छोड़ा है। कोटा रेलवे स्टेशन पर हुआ यह विवाद कांग्रेस की गुटबाजी की नई मिसाल बन गया है। गहलोत भले ही चुप्पी साधे रहें, लेकिन स्थानीय स्तर पर धारीवाल बनाम गुंजल की खींचतान अब खुलकर सामने आ चुकी है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विधानसभा उपचुनाव के दौर में इस तरह की घटनाएं पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती हैं।

## कोटा डबल मर्डर केस 48 घंटे में सुलझाः पैसे के विवाद में मां-बेटी की गला घोंटकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**







आरकेपुरम थाना क्षेत्र में 7 नवंबर को नर्सिंगकर्मी की पत्नी और बेटी की घर में गला घोंटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने घटना के महज 48 घंटे के भीतर हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह पैसों का लेन-देन और आपसी परिचय से उपजा विवाद का कारण सामने आया है ।

कोटा पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम के निर्देशन में गठित 16 विशेष टीमों ने लगातार 48 घंटे तक सुराग तलाशे। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर रविवार सुबह मुकुंदरा के जंगलों से दो आरोपियों प्रदीप वैष्णव (30) और भरत सहरिया (23), दोनों निवासी सूरजपुर थाना खानपुर, झालावाड़ को गिरफ्तार किया है । पुलिस अभी तीसरे आरोपी राजू उर्फ मामू की तलाश कर रही है।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि मृतका ज्योति वैष्णव आरोपी प्रदीप की परिचित थी। प्रदीप ने उसे 60 हज़ार रुपए उधार दिए थे, जो वह वापस नहीं कर पा रही थी। इसी रंजिश में प्रदीप ने अपने साथियों भरत और राजू के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। 7 नवंबर की सुबह ज्योति के पति के घर से निकलते ही आरोपी घर में घुसे और रसोई में चुन्नी से ज्योति का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के दौरान जब ज्योति की बेटी पलक वैष्णव स्कूल से लौटी और मां को मरते देखा तो वह चीखने लगी। आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से उसका भी गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को लूट जैसा दिखाने के लिए आरोपी मंगलसूत्र, कानों के टॉप्स और अलमारी से जेवर लेकर फरार हो गए।

ज्योति और पलक की हत्या के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी तेजस्वनी गौतम, एएसपी नियति शर्मा और डीएसपी योगेश शर्मा ने एफएसएल, एमओबी और डॉग स्क्वॉड टीमों के साथ मौके पर जांच की। सीसीटीवी और तकनीकी डेटा से पुलिस को ठोस सुराग मिले।

एसपी तेजस्वनी गौतम ने इस त्वरित कार्रवाई पर पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह राजस्थान पुलिस की पेशेवर दक्षता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा इस मामले में पुलिस ने आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने का अपना संकल्प एक बार फिर सिद्ध किया है।

# सांस की तकलीफ पर गर्म सरिये का डाम-जिंदगी की जंग हार गया मासूम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**






अंधविश्वास एक बार फिर मासूम की जान पर भारी पड़ गया। सर्दी-जुकाम और सांस की तकलीफ से जूझ रहे 9 माह के बच्चे को उपचार की जगह भोपे के पास ले जाना परिजनों को भारी पड़ गया। भोपे ने बच्चे को गर्म सरिये से डाम लगा दिया, जिसके बाद उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई और चार दिन तक अस्पताल में जिंदगी से जंग लड़ने के बाद देर रात उसने दम तोड़ दिया।

मामला भीलवाड़ा के सदर थाना क्षेत्र के इंरास गांव का है। जानकारी के अनुसार, देवा बागरिया ने अपने बेटे गोविंद को मंगलवार को गांव के एक भोपे से डाम लगवाया था। घर लौटने के कुछ घंटों बाद ही बच्चे की हालत नाजुक हो गई। परिजन घबराकर उसे मातृ एवं शिशु चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर्स ने चार दिन तक उसका इलाज किया, लेकिन शुक्रवार रात बच्चे की मौत हो गई।

सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया। थाना प्रभारी कैलाश बिश्नोई ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस भोपे से भी पूछताछ कर रही है।

# सुनसान सड़क पर युवती का शव मिलने से हड़कंपः मैदान के पास मिला शव, मोबाइल-लंच बॉक्स और तंबाकू के पाउच बरामद, पुलिस ने शुरू की जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**






मंडपिया चाराणान से माधोपुर मार्ग के बीच स्थित क्रिकेट मैदान के पास रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों ने एक अज्ञात युवती का शव सड़क किनारे पड़ा देखा। सुबह की सर्द हवा के बीच इस भयावह दृश्य को देख लोग सहम गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में मंगरोप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू की।


थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शव के पास से एक मोबाइल फोन, बीएसएनएल फैक्ट्री की कैंटीन का कूपन, गणेश छाप तंबाकू, दो बादाम ऑयल पाउच और एक लंच बॉक्स बरामद हुआ है। वहीं, घटनास्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर महिला की एक जोड़ी चप्पल और शराब व बीयर की खाली बोतलें भी मिली हैं, जिससे मामले के संदिग्ध होने के संकेत मिल रहे हैं। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है, जो साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। पुलिस ने आस-पास के क्षेत्रों में लापता महिलाओं की रिपोर्ट खंगालना शुरू कर दी है ताकि शव की पहचान हो सके। मौके से मिले बीएसएनएल फैक्ट्री के एक कार्ड पर ललता नाम लिखा हुआ पाया गया। फैक्ट्री प्रबंधन से पूछताछ के बाद पता चला कि युवती चित्तौड़गढ़ जिले के बेगूं क्षेत्र की रहने वाली है। उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी धर्मेंद्र सिंह, एएसपी पारसमल जैन और आईपीएस माधव उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मंगरोप थाना पुलिस को सभी साक्ष्य सुरक्षित रखने तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे गांव के कुछ बच्चे शौच के लिए गए थे, जिन्होंने सड़क किनारे एक युवती को खड़ा देखा था। अंधेरा होने के कारण बच्चों ने उसे साया समझकर डर के मारे वहां से भाग लिए। अब संभावना जताई जा रही है कि वही युवती बाद में मृत अवस्था में मिली। फिलहाल पुलिस हत्या या आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और एफएसएल रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# सालासर से लौटते गुजराती परिवार की कार ट्रक से भिड़ी

## भीलवाड़ा-अजमेर हाइवे पर हुआ हादसा, पांच लोग गंभीर घायल









**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीलवाड़ा-अजमेर हाइवे पर सरेरी के पास रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। दर्शन कर लौट रहे गुजराती परिवार की कार आगे चल रहे ट्रक से इतनी जबरदस्त टकराई कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया, जिसके बाद हाईवे एंबुलेंस टीम ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार राजकोट निवासी अशोक बैरागी (49) अपनी पत्नी दक्षा, बेटे यतेश, बहू रीना, पोते रौनक, उर्विल, पोती मिशा और परिचित सुनील कुमार के साथ सालासर बालाजी के दर्शन कर अहमदाबाद लौट रहे थे। सुबह करीब 6 बजे होटल राज इन, सरेरी के पास उनकी कार आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और यात्रियों को बाहर निकालने के लिए लोगों को दरवाजे तोड़ने पड़े। हादसे में अशोक बैरागी, यतेश, सुनील कुमार, रौनक और उर्विल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य परिजन मामूली रूप से जख्मी हुए। सूचना मिलते ही लांबिया टोल की हाईवे एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डॉक्टरों के अनुसार घायलों का इलाज ट्रॉमा वार्ड में चल रहा है और सभी की हालत स्थिर है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजस्थान में सड़क सुरक्षा अभियान का असरः 1.90 लाख नागरिकों को किया गया जागरूक, 3700 से अधिक शराबी चालकों पर कार्रवाई

## राज्यभर में 4 से 18 नवम्बर तक चल रहा अभियान, पुलिस, परिवहन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल




**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात अनुशासन को लेकर बेहद गंभीर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से 4 से 18 नवम्बर तक 15 दिवसीय राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ ही नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अभियान के पहले पांच दिनों में पुलिस विभाग ने बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। शराब पीकर वाहन चलाने पर 3,736 चालकों, तेज गति से वाहन चलाने पर 21,911 चालकों, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 15,174 चालकों, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर 1,586 चालकों, बिना रिफ्लेक्टर वाहन चलाने पर 4,311 चालकों और बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने पर 8,585 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अब तक 1.90 लाख से अधिक नागरिकों को यातायात नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया है। पुलिस विभाग ने प्रदेश के विभिन्न राजमार्गों पर एनएच-48 मॉडल के अनुरूप लेन ड्राइविंग सिस्टम लागू करने के लिए विशेष जाप्ते तैनात किए हैं। साथ ही, ड्राइवरों को सही लेन में वाहन चलाने और नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इधर, परिवहन विभाग ने अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की है। अब तक 8,567 वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। इनमें मालवाहक वाहनों में ओवरलोडिंग, क्षमता से अधिक यात्री, छत पर सामान रखने और अन्य उल्लंघन के मामले शामिल हैं। विभाग ने 206 व्यक्तियों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त, 38 वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द, 400 वाहन सीज और 22 वाहनों के परमिट रद्द किए हैं। अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। विभाग ने 8 और 9 नवम्बर को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर चलने वाले 2,765 व्यावसायिक वाहन चालकों की नेत्र जांच कर 387 जरूरतमंद चालकों को चश्मे वितरित किए। अब तक कुल 5,044 चालकों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 789 चालकों को दृष्टि सुधार के लिए चश्मे दिए गए हैं। सड़क सुरक्षा अभियान को प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभाग समन्वित तरीके से कार्य कर रहे हैं। लोक निर्माण विभाग ने सड़कों के किनारे झाड़ियाँ हटाने, स्पीड ब्रेकरों को सही करने, चेतावनी व संकेतक बोर्ड लगाने और अनाधिकृत कट बंद करने जैसे कार्य किए हैं। वहीं नगरीय विकास एवं स्थानीय निकाय विभाग ने फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया, सड़क लाइटों को दुरुस्त किया और निराश्रित पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर भेजा। राज्य सरकार का कहना है कि इस अभियान का मकसद केवल चालान कार्रवाई नहीं, बल्कि जनता में ÷सुरक्षित यात्रा का संस्कार÷ स्थापित करना है। सड़क सुरक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ, प्रदेश में यातायात नियमों की पालना को लेकर सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगा है।

# जहाजपुर में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण पर कार्यशाला संपन्न

## पूर्व मंत्री दवे बोले-हर कार्यकर्ता निभाए जिम्मेदारी, विधायक गोपीचंद मीणा की ईमानदारी पर जताया गर्व

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी**






विधानसभा क्षेत्र में रविवार को मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन भाजपा विधायक जनसंपर्क केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री लक्ष्मी नारायण दवे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक गोपीचंद मीणा ने की। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा के नेतृत्व में जहाजपुर, गाडोली, पारोली और कोटड़ी मंडल के कार्यकर्ता, मंडल संयोजक एवं बीएलओ बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यशाला में पूर्व मंत्री दवे ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ स्तर पर जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं को जोड़ने और मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूरी गंभीरता से किया जाए। भाजपा कार्यकर्ता केवल पार्टी की ताकत नहीं बल्कि जनता के भरोसे का प्रतीक हैं। दवे ने कहा कि आगामी चुनावों में जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत, एकजुटता और बूथ प्रबंधन पर निर्भर करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि फर्जी मतदाताओं की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारी को दी जानी चाहिए। पूर्व मंत्री दवे ने विधायक गोपीचंद मीणा की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा, आपको एक बहुत ही ईमानदार, मेहनती और दबंग विधायक मिले हैं। मैंने आज इनका काम देखा और मुझे इन पर गर्व हुआ। विधायक गोपीचंद मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव कार्यकर्ताओं की मेहनत और बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती से ही जीते जाएंगे। मीणा ने सभी कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में संगठन की आगामी रणनीति पर भी चर्चा हुई और सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



## QUICK BITES

# रन फॉर हेल्थ में युवाओं ने लिया नशा मुक्त भारत का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**मूलचंद पेसवानी।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा चल रहे संस्कार सप्ताह के तहत रविवार को रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। दौड़ महलों के चौराहे से शुरू होकर रामद्वारा में संपन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसपी ओमप्रकाश बिश्नोई और महंत सीताराम बाबा ने भगवा पताका दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा देश सेवा और स्वस्थ जीवन में लगानी चाहिए।

दौड़ में सैकड़ों युवाओं ने भाग लेकर नशा छोड़ो, देश जोड़ो के नारे लगाए और नशामुक्त भारत का संकल्प लिया।

धनराज वैष्णव ने बताया कि चित्तौड़ प्रांत में एक साथ कई स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें हजारों युवाओं ने भाग लिया।

समापन पर रामद्वारा परिसर में सभा हुई, जिसमें वक्ताओं ने युवाओं से स्वस्थ, अनुशासित और राष्ट्रभक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## चारण माता मंदिर में कोली समाज का सम्मान समारोह, नप अध्यक्ष ने टीन शेड के लिए चद्दर देने की घोषणा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा कोली समाज की ओर से रविवार को चारण माता मंदिर, कोट के ऊपर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, पार्षद राजेश खटीक एवं पूजा कोली का समाज की ओर से अभिनंदन किया गया।

समारोह की अध्यक्षता नरेश कोली ने की, जबकि संचालन नोरत कोली ने किया। इस अवसर पर रामप्रताप कोली, रामकिशन कोली, पुष्पा कोली, सुंदर कोली, कमलेश कोली, सोहन कोली, रामचंद्र कोली, शंकरलाल कोली, जगदीश कोली, गोपाल कोली आदि मौजूद रहे। नप अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने समाज के लिए सहयोग की भावना व्यक्त करते हुए टीन शेड निर्माण हेतु 11 लोहे की चद्दर देने की घोषणा की। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और समाजसेवा में अग्रसर रहने का आह्वान किया। अंत में समाज की ओर से सामूहिक भोज आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज की एकता और सहयोग की भावना विशेष रूप से झलकी।

# सिन्धी भाषा विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए संगठित प्रयास - तीर्थाणी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भारतीय सिन्धु सभा देश में सिन्धी भाषा विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए संगठित प्रयास कर रही है, जिससे मातृभाषा से जुड़े कोर्स, शोध कार्य और रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम शुरू किए जा सकें।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने पूज्य झूलेलाल मंदिर, पंचवटी में आयोजित बैठक में कहा कि संगठन नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को मातृभाषा से जोड़ने के अभियान में जुटा है।

उन्होंने बताया कि सभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 27-28 दिसम्बर को कानपुर में होगी, जिसमें राजस्थान से 17 प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में संगठनात्मक कार्यक्रमों और समाजसेवा गतिविधियों पर चर्चा होगी।

प्रदेश संगठन महामंत्री जय चंचलाणी ने बताया कि जिले में 50 सिन्धी कक्षाएं संचालित हैं, जिनसे बच्चों और युवाओं में भाषा एवं संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ रही है।

इस अवसर पर अध्यक्ष परमानन्द गुरनानी, ओम गुलाबानी, लक्ष्मणदास लालवानी, परमानन्द तनवानी, नरेन्द्र रामचंदानी, पुरुषोत्तम परयानी, बलराम सिन्धी, दीपक खूबवानी, पलक बहरवानी, दीपा मानवानी, नवीन मानवानी सहित संगठन के पदाधिकारी, मातृशक्ति, युवा इकाई, सिन्धी शिक्षा मित्र और सुपरवाइज़र उपस्थित रहे।बैठक का संचालन महामंत्री किशोर कृपलानी ने किया।

# भाजपा की मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला आयोजित

## एसआईआर अभियान से बनेगा सटीक व पारदर्शी रिकॉर्ड, बीएलए की भूमिका अहम-दवे





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी व प्रशिक्षण के लिए भीलवाड़ा विधानसभा स्तर पर कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे मुख्य अतिथि, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा अध्यक्ष, तथा पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, महापौर राकेश पाठक एवं बीएलए-1 मुकेश चेचाणी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री दवे ने कहा कि एसआईआर अभियान देश की सुरक्षा, समृद्धि और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति का सटीक रिकॉर्ड तैयार होगा। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता में बीएलए-1 और बीएलए-2 की अहम भूमिका होगी, जो मतदाता सूची से फर्जी नाम हटाने और वास्तविक मतदाताओं की पुष्टि का कार्य करेंगे।

पूर्व सांसद बहेड़िया ने कहा कि अभियान की शुरुआत कार्यकर्ता अपने घर से करें और सही जानकारी के साथ फॉर्म भरकर जमा करवाएं। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से अभियान में सहयोग का आह्वान किया। वहीं महापौर पाठक ने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता जानकारी एकत्र करेंगे और आवश्यक दस्तावेज के आधार पर नाम जोड़ा जाएगा।

कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कुलदीप शर्मा, मंजू चेचाणी, गोपाल तेली, ललित अग्रवाल, कांता शर्मा, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, अभिश्रुता सोलंकी, शशांक बिड़ला, महावीर समदानी, अजय नौलखा, रागिनी गुप्ता, मंजू पालीवाल, इमरान कायमखानी, रमेश खोईवाल, नागेन्द्र सिंह, मुकेश सोनी, सीपी जोशी, पुनीत प्रताप सिंह, जगदीश गुर्जर, अनीता आर्य, थानसिंह, मुकेश शर्मा, बबली कंवर, इंद्रसिंह, शंकर जाट, रतनलाल आचार्य, भैरूसिंह भाटी सहित बड़ी संख्या में बीएलए-2 और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा मांडलगढ़ विधानसभा की सर प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

## कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आह्वान

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ

**महावीर वैष्णव**

भारतीय जनता पार्टी मांडलगढ़ विधानसभा की सर प्रशिक्षण कार्यशाला रविवार को त्रिवेणी स्थित साहू समाज धर्मशाला में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल एवं मुख्य वक्ता कन्हैयालाल जाट मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में महुआ मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में बीएलए-2 और बूथ अध्यक्षों को बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर मतदाता सूची के परीक्षण का कार्य समय पर पूर्ण करने और भाजपा के एसआईआर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए गए।

मुख्य वक्ता कन्हैयालाल जाट ने कहा कि आगामी चुनाव कार्यकर्ताओं की परीक्षा का समय है, इसलिए प्रत्येक बूथ पर भाजपा को मजबूत बनाना सभी का दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से टीम भावना के साथ सक्रियता बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, पूर्व जिला मंत्री जमनालाल सेन, मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, श्यामलाल अहीर, राजेंद्र बंजारा और प्रकाश सांगावत ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने, मतदाता सूची के पुनरीक्षण में सावधानी बरतने और बूथ स्तर पर संपर्क बढ़ाने पर बल दिया।



इस अवसर पर कैलाश सुखवाल, सरपंच गजेन्द्र साहू, हरजी रायका, युवा मोर्चा अध्यक्ष जितेन्द्र प्रजापत, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नरेश रायका, दिलीप कुमार वैष्णव सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सरपंच, बूथ अध्यक्ष, बीएलए-1 व मोर्चा पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जगदंबा टाइटंस का जीत का रथ थमा, बालाजी सुपर किंग्स को अब तक नहीं मिली जीत

## चारभुजा रॉयल्स ने दो मुकाबले जीतकर दिखाया दम, सीपीएल-3 के मैच रहे रोमांचक

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**सांवर वैष्णव**

कस्बे के निकटवर्ती पक्षी ग्राम चावंडिया में रविवार को खेले गए सीपीएल-3 टूर्नामेंट के चारों मुकाबले रोमांच से भरपूर रहे। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि गोभक्त गोवर्धन शर्मा, रामप्रसाद ओझा और अमरसिंह सोलंकी उपस्थित रहे।

पहले मुकाबले में बालाजी सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 82 रन बनाए। जवाब में चारभुजा रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 9 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मनीष लुहार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



दूसरे मुकाबले में श्याम सुपर हीरोज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 101 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में जगदंबा टाइटंस 54 रन पर सिमट गई और इस हार के साथ उनका जीत का सिलसिला थम गया। पप्पू जाट मैन ऑफ द मैच रहे।

तीसरे मैच में सगस स्ट्राइकर्स पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 21 रनों पर ऑल आउट हो गई। चारभुजा रॉयल्स ने तीन ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस मैच में सांवर ओझा मैन ऑफ द मैच बने।

चौथे और दिन के अंतिम मुकाबले में जगदंबा टाइटंस ने पहले खेलते हुए 112 रन बनाए। जवाब में बालाजी सुपर किंग्स 81 रन पर रुक गई। महेश पुरोहित को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

लगातार हार के साथ बालाजी सुपर किंग्स को अब तक सीपीएल-3 में एक भी जीत नहीं मिल सकी है, जबकि चारभुजा रॉयल्स ने अपने दमदार प्रदर्शन से टूर्नामेंट में बढ़त बनाई है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# महान मेवाड़ केसरी कुश्ती प्रतियोगिता 13 नवंबर से सैकड़ों पहलवान दिखाएंगे दमखम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



जवाहर फाउंडेशन, जिला यूनेस्को एसोसिएशन और पूर्वांचल जन चेतना समिति के संयुक्त तत्वावधान में महान मेवाड़ केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन 13 और 14 नवंबर को पुर रोड स्थित श्रम कल्याण खेल मैदान में किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी दंगल कमेटी के पास रहेगी।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में मेवाड़ संभाग की सभी कुश्ती अकादमियों के सैकड़ों पहलवान हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में कुल 13 वर्गों में मुकाबले होंगे । जिनमें मेवाड़ केसरी, मेवाड़ कुमार, मेवाड़ किशोर, महिला मेवाड़ केसरी, महिला मेवाड़ कुमारी, महिला वीरबाला सहित ग्रीको वेट चैंपियन, भीलवाड़ा बाल केसरी, भीलवाड़ा अभिमन्यु, भीलवाड़ा बसंत और भीलवाड़ा महिला किशोरी जैसी श्रेणियां शामिल हैं।

हर वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त पहलवानों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा ने बताया कि फाउंडेशन अब तक स्वाभिमान जल, स्वाभिमान भोज और स्वाभिमान शिक्षा जैसे सामाजिक अभियानों में अग्रणी रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार के खेल प्रोत्साहन मिशन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से फाउंडेशन द्वारा इस कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवाओं को कुश्ती के प्रति प्रेरित किया जा सके और उनकी प्रतिभा को मंच मिल सके।

बाहर से आने वाले पहलवानों के आवास और भोजन की पूरी व्यवस्था भी जवाहर फाउंडेशन द्वारा की जाएगी।

फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष और एलएनजे ग्रुप के चेयरमैन, उद्योगपति रिजु झुनझुनवाला का सामाजिक कार्यों के साथ-साथ क्रिकेट, हॉकी, शतरंज और फुटबॉल जैसे खेलों में भी विशेष योगदान रहा है। उसी श्रृंखला में उनका इस प्रतियोगिता में भी विशेष सहयोग रहेगा।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 14 सदस्यीय दंगल कमेटी गठित की गई है, जिसमें दिनेश साहनी, बल्लू सिंह, दिनेश यादव, हंसराज सिंह, डॉ. विनोद यादव, गौरव शाह, रोजी सिंह, डॉ. सुनीता यादव, मधुमाला यादव, लक्ष्मी चौधरी, श्रवण कुमार, राजन सिंह और निरंजन सिन्हा शामिल हैं।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो का खिताब गुडविल पब्लिक स्कूल बनकाखेड़ा के नाम

## फाइनल में कोटड़ी ब्लॉक की टीम ने मांडल को 6 अंकों से हराया

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। गुडविल पब्लिक स्कूल बनकाखेड़ा की टीम ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए खो-खो (छात्र वर्ग) का खिताब अपने नाम किया।

विद्यालय के निदेशक वसीम अकरम ने बताया कि राउमावि रसदपुरा, बिजोलिया में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 11 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग के खो-खो का फाइनल मुकाबला कोटड़ी ब्लॉक और मांडल ब्लॉक के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में कोटड़ी ब्लॉक की गुडविल पब्लिक स्कूल बनकाखेड़ा की टीम ने मांडल को 6 अंकों से हराकर जीत दर्ज की।

टीम की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों और ग्रामीणों ने खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बरूंदनी में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित: 65 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।

बरूंदनी में गोमाबाई नेत्रालय, भीलवाड़ा की ओर से नगिन बाई गट्टानी की स्मृति में रविवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

संस्कार शिक्षा निकेतन उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित शिविर में डॉ. घनश्याम पांडे की टीम ने कुल 268 मरीजों की जांच की। इनमें से 77 मरीज ऑपरेशन योग्य पाए गए, जिनमें से 65 मरीजों का चयन नेत्र ऑपरेशन के लिए किया गया। चयनित मरीजों का ऑपरेशन 14 नवंबर को गोमाबाई नेत्रालय, भीलवाड़ा में किया जाएगा।

कार्यक्रम में रामेश्वर लाल, भूपेंद्र गट्टानी, राकेश कुमार सोनी, बाबूलाल अहीर, कालू लाल पालीवाल, दुर्गालाल गट्टानी, पुष्पा कास्ट और शिवप्रकाश दरक सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में



नेत्रज्योति से वंचित लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है।

# राव (जाट) समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 फरवरी को त्रिवेणी में

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। राव (जाट) समाज विकास संस्था सिंगोली चारभुजा की ओर से रविवार को मेवाड़ के प्रयागराज त्रिवेणी महादेव में बैठक आयोजित हुई। इसमें आगामी फरवरी में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में तय किया गया कि 20 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जबकि 21 फरवरी को तुलसी विवाह के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। इस अवसर पर मेवाड़, मारवाड़, खेराड और ढूंढाड क्षेत्र के गणमान्य लोग, बुजुर्ग व युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर के गोपाल सांगावत ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेश राव केकड़ी, पुष्कर समिति अध्यक्ष, घासी झिराणा और रमेश दूनी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष मिठ्ठूलाल रेवल, उपाध्यक्ष उदयलाल सिगदार और कोषाध्यक्ष भूपेंद्र बराला ने दुपट्टा पहनाकर किया।

कमलेश कुमार कावा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विवाह सम्मेलन में अधिक से अधिक जोड़ों का पंजीकरण करवाने पर जोर दिया जाएगा। विवाह में वर पक्ष और वधू पक्ष दोनों से 41-41 हज़ार रुपए की राशि निर्धारित की गई है। साथ ही समाज की उन्नति के लिए हर चौकले से तन, मन और धन से सहयोग की अपेक्षा जताई गई।

बैठक में मिठ्ठूलाल रेवल, मुकेश कुमार, हीरालाल हीराखेड़ा, देबीलाल, हेमंत सोपतका, रामनारायण मुरलिया, गजेंद्र बराला, राधेश्याम जूटक टोक, नन्दकिशोर केकड़ी, दिलीप जाजनका, दिनेश कुमार, रवि मानावत, देबी लाल पचपीपला, निलेश सोपतका, राधेश्याम मानावत, शंकर बिट्ठलपुरा, रामेश्वर रेवल, शिव रेवल, राजकुमार रेवल, कैलाश रेवल, राधेश्याम सिगदार, धनराज रेवल, मंगल रेवल, प्रभुलाल बिट्ठलपुरा, लादू सिगदार, सत्यनारायण सामरिया, गोविंद सिगदार सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### आमली में बेटी जन्मोत्सव मनाया गया, केक काटकर मुंह मीठा कराया

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश) महिला अधिकारिता विभाग, अजमेर द्वारा संचालित 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत ग्राम पंचायत आमली में बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता ज्योत्सना कहार, साथिन कविता रेगर, सहायिका विमला,आशा सहयोगिनी पार्वती रेगर और एएनएम नीतू यादव सहित ग्राम की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन ग्राम साथिन कविता रेगर द्वारा किया गया। इस दौरान बेटी के जन्म के महत्व, शिक्षा की आवश्यकता और बालिकाओं के अधिकारों पर चर्चा की गई। उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि गांव में हर बेटी का जन्म सम्मान और उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

### समाधि पूजन पर किया अखाड़ा प्रर्दशन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( सांवर वैष्णव ):- कस्बे के निकटवर्ती सोपुरा गांव में रविवार को समाधि पूजन के कार्यक्रम के दौरान अखाड़ा प्रदर्शन किया गया । सत्यनारायण वैष्णव ने बताया कि गांव में गत दिनों छोटू दास वैष्णव का निधन हो गया था, जिस पर आज रविवार को समाधि पूजन का कार्यक्रम था, इस दौरान अखाड़ा प्रदर्शन किया गया, जिसमें समाजजनों व ग्रामीणों के द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन किया गया । इस दौरान अखाड़े में विभिन्न करतब दिखाये, जिससे देखकर लोग दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर हो गए । इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन व ग्रामीण मौजूद रहे ।।

### कल्याणपुरा में 14 से 20 नवम्बर तक होगा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।




रमेश गुर्जर । उपखंड क्षेत्र के कल्याणपुरा गांव में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कथा का आयोजन 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक किया जाएगा। इससे पहले रविवार को कथा स्थल कोटा-चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे स्थित कल्याणपुरा में भूमि पूजन हुआ। आयोजन ग्रामवासीयो द्वारा किया जा रहा है।

कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा का शुभारंभ 14 नवम्बर को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसींद का निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद :



सरकार द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण के लिए चलाए गए अभियान के तहत रविवार को भीलवाड़ा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. गुर्जर ने अस्पताल के समस्त सेक्शनों - जैसे पैथोलॉजी, दवा एवं एम.ओ.टी. मेल वार्ड,फीमेल वार्ड और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई और बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। इस दौरान वार्डों में भर्ती मरीजों से भी बातचीत की और कुशलक्षेम पूंछी । सीएमएचओ ने निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की गुणवत्ता और उपलब्धता को सुदृढ़ बनाने और मरीजों को संपूर्ण चिकित्सा सुविधाएँ समय पर प्रदान करने पर जोर दिया ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।